यूटीयू के 12 छात्र समर प्रोजेक्ट के लिए चयनित

- चार कालेजों के 12 छात्र छह सप्ताह करेंगे नवाचार
- चयनित छात्रों को प्रतिमाह छह हजार रुपये स्टाइपेंड मिलेगा

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध कालेजों से 12 छात्रों का चयन समर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट के लिए हुआ है। आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे मार्केट डिमांड रखने वाले विषयों से जुड़े बिंदुओं पर यह छात्र छह हफ्ते कार्य करेंगे। इन चयनित छात्रों को प्रतिमाह छह हजार रुपये यूटीयू की ओर से स्टाइफंड मिलेगा। चयनित छात्र अपने विषय की पढ़ाई पूरी करने के बाद करियर के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

विश्वविद्यालय ने समर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट के लिए एक कमेटी का गठन किया, जिसके बाद प्रत्येक संबद्ध कालेजों में इच्छुक छात्र-छात्राओं से आवेदन लिए गए। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद छह संबद्ध कालेजों से 12 छात्रों का चयन किया। चयनित छात्रों में शिवालिक कालेज आफ इंजीनियरिंग देहरादून से प्रीतय कुमार, साक्षी चमोला, डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी टनकपुर से अंकित कुमार व कुंदन कुमार, इसी संस्थान से चेतन पांडे व रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।